04 पानी की शिकायत के लिए नगर पालिका ने...



08 जन-जन तक पहुंचे कल्याणकारी योजनाओं...
























## खबर संक्षेप



### पेंशन, भत्ता व मेडिकल अलाउंस को लेकर कोल पेंशनरों का सब्र टूटा

**बैतूल।** कोल माइन सेवा निवृत्त कर्मचारी संघ एचएमएस की मासिक बैठक गुरुवार 15 जनवरी को शहीद भवन में संपन्न हुई। बैठक में नए पीपीओ नंबर जारी नहीं होने और पेंशन संबंधी लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि सीएमपीएफओ के कमिश्नर तथा सहायक कमिश्नर छिंदवाड़ा द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि नवंबर 2025 तक सभी कोल पेंशनरों के पीपीओ नंबर बनाकर भेज दिए जाएंगे, लेकिन अब तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। न ही पेंशनधारियों के खातों के अनुसार बैंकों को पीपीओ नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि धनबाद सीएमपीएफ कमिश्नर द्वारा सभी बैंकों को आदेश प्रेषित किए जा चुके हैं। बैठक में पेंशन रिवीजन, पेंशन में महंगाई भत्ता तथा डोमेस्टिक मेडिकल अलाउंस के मुद्दे भी उठाए गए। बताया गया कि फरवरी 2025 में जंतर-मंतर नई दिल्ली पर धरना प्रदर्शन कर भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा गया था। वर्ष 2019 से अब तक नई दिल्ली, धनबाद, कोलकाता और बनारस में अनेक बार धरना प्रदर्शन किए गए, यहां तक कि कोयला मंत्री भारत सरकार और सीएमडी कोलकाता के समक्ष भी आंदोलन हुआ, लेकिन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इस उदासीनता से कोल पेंशनरों में रोष व्याप्त है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के संयोजक पीके सिंह राठौड़ के आह्वान पर फरवरी या मार्च 2026 में जंतर-मंतर नई दिल्ली अथवा कोल मंत्रालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष डीके साहू, महामंत्री डीआर झरबडे, उपाध्यक्ष अजय सिंह राजपूत, शिवदयाल चौकीकर, दिनेश कुमार शर्मा, दामोदर प्रसाद मिश्रा, माणिकराव कापसे, कोषाध्यक्ष नागोराव वाद्रे, रामदास पंडाग्रे, विजय के वर्मा, रायमल वरवड़े, गुलाबराव, मुन्नालाल पवार, कुंदनलाल पवार, पूरनलाल मालवीय, शिवकुमार धाडसे, सीपी साहू, अजाबराव भुमरकर, कृष्णा उबनारे, आरडी सोनी सहित एचएमएस परिवार बैतूल के सदस्य उपस्थित रहे।

### निःशुल्क कृत्रिम हाथ लगाने 16 एवं 17 को लगेगा शिविर

**बैतूल।** जिले में पहली बार जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश व इनाली फाउन्डेशन के सहयोग से जिला चिकित्सालय परिसर बैतूल के क्रिटीकल केयर यूनिट में निःशुल्क कृत्रिम हाथ वितरण के लिए 16 एवं 17 जनवरी 2026 को प्रातः 9 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि 16 जनवरी को जिला चिकित्सालय बैतूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा, शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, प्रभात पट्टन एवं हरदा जिले के हितग्राहियों के लिए किया जाएगा।

## अब लोगों के सामने मौके पर ही होगी जल की जांच

# पानी की शिकायत के लिए नगर पालिका ने बनाया कंट्रोल रूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हाल ही के दिनों में इंदौर में प्रदूषित पानी की घटना के बाद बैतूल नगरपालिका ने शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतना शुरू कर दिया गया है। नपा बैतूल की जल शाखा विभाग द्वारा शहर में सप्लाई पेयजल के सैंपल लेकर जांच करवाई जा रही है। हालांकि जो पानी शहर में सप्लाई होता है, इसकी सप्लाई के पहले भी जांच की जाती है। इसके बाद यह पानी शहर की टंकियों में भेजा जाता है, लेकिन इंदौर की घटना के बाद लोगों में पेयजल को लेकर जो डर बना हुआ है, उसे दूर करने हेतु नगरपालिका ने हर वार्ड के पांच-पांच घरों से पानी का सैंपल कलेक्ट करने का काम भी शुरू कर दिया है, जिसकी नपा की लैब में टेस्टिंग की जाती है। यहां उल्लेखनीय है कि नदी से जो रॉ-वॉटर फिल्टर प्लांट पर आता है, तो वहां जल का शुद्धिकरण किया जाता है। इसके बाद टैंक भरकर इस पानी की सप्लाई शहर की विभिन्न टँकियों में की जाती है, जिसके माध्यम से शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। लेकिन इंदौर की घटना के बाद लोगों में पेयजल को लेकर जो तरह-तरह की भ्रांतियां पैदा हो रही थी, उस संदेह को दूर करने के लिए नगरपालिका ने हर वार्ड के पांच-पांच घरों से पानी सैंपल लेकर जांच करने का अभियान शुरू कर दिया है, ताकि लोग के संदेह व शंकाओं को दूर किया जा सके।

नगरपालिका ने पानी की जांच के लिए किट मंगवाई है, जिससे घरों में मौके पर ही पानी की जांच हो सकेगी। नपा बैतूल की जल शाखा के सब इंजीनियर धर्मेन्द्र राठौर ने बताया कि नगरपालिका की लैब में पानी की जांच की जाती थी, लेकिन अब घरों में सप्लाई किए जाने वाले पानी की जांच लोगों के सामने ही की जायेगी। इसके लिए जो किट की आवश्यकता पड़ती है, वह नगरपालिका ने मंगवा ली है। जिसके माध्यम से घरों तक पहुंचने वाले पानी की जांच लोगों के सामने ही हो सकेगी। इसका यह फायदा होगा कि लोगों के बीच में पानी को लेकर जो शंकाएं है, उनका लोगों के सामने ही समाधान किया जा सकेगा।

### जन सुनवाई के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

नगरपालिका ने पानी से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नपा कार्यालय में एक कंट्रोल रूम शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पानी की सप्लाई व्यवस्था के तहत शहर को 4 जोन में बांटा गया है। इन सभी जोनों से रोजाना 4-5 सैंपल लिए जा रहे हैं और इनकी जांच कराई जा रही है।

### नगरीय प्रशासन विभाग के उपसंचालक ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं टंकियों का निरीक्षण

*बैतूल। नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के उप संचालक ओपी ओझा ने बैतूल सहित जिले की विभिन्न नगरपालिकाओं और नगर परिषद का निरीक्षण कर पेयजल सप्लाई संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पानी सप्लाई करने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल टंकियों का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि बैतूल जिले के निरीक्षण के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के उप संचालक ओपी ओझा इन दिनों बैतूल पहुंचे हैं, उन्होंने जलावर्धन योजना के तहत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल टंकियों एवं अन्य संरचनाओं का निरीक्षण किया। उपसंचालक के साथ नगरपालिका के जल शाखा प्रभारी सब इंजीनियर धर्मेन्द्र राठौर, नगेंद्र वागद्रे, जल शाखा प्रभारी भवेन्द्र मालवीय, सुपर वाईजर अशोक डेंगे, सुखदेव बारस्कर, प्रमोद चौरसिया आदि उपस्थित थे। उपसंचालक ने निरीक्षण के दौरान नपा की बेहतर कार्यशैली की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि निकाय क्षेत्र में बेहतर पेयजल संरचना है और संचालन भी बेहतर तरीके से किया जा रहा हैं।*

## लाल-लाल साड़ी वाली, मठारदेव मेले में आ जाना... पर झूमे लोग


# बाबा मठारदेव के मेले में ममता उइके के आदिवासी गीतों की धमाकेदार प्रस्तुति



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव के मेले में आनंद उत्सव के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को आमला की लोक गायिका ममता उइके और साथियों ने एक से बढक़र एक गीत प्रस्तुत किए। दोपहर 2.30 बजे कार्यक्रम की शुरुआत नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, बैतूल से आए वरिष्ठ पत्रकार नवनीत गर्ग, राजेश भाटिया, हेमंत रघुवंशी, वाजिद खान ने सरस्वती पूजन कर की।

लोक संगीत कार्यक्रम की शुरुआत बड़ा देव की स्तुति के साथ हुई। इसके बाद ममता उइके ने शिवरात्रि ता महीना ता, गीत प्रस्तुत किया। आकर्षक आदिवासी लोक नृत्य के साथ हुई इस प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोक गायक श्यामू परते ने भोले बाबा और बाबा मठारदेव पर भी आदिवासी गीत प्रस्तुत किया। बादल इरपाचे द्वारा बैतूल जिला ता हुड़ा धमाका ये वसांगो, प्रस्तुत गीत पर दर्शक खूब झूमे। गायिका आरती परते ने नीवा वंचिना बोली... गीत प्रस्तुत किया। इसपर दर्शक झूमने लगे। ममता ने ये बढय़ाी पीली रे पीली, और लाल लाल साड़ी भी वाली, ओ मेरी साली बाबा मठारदेव मेले में आ जाना गीत गाकर लोगों को डांस करने पर मजबूर कर दिया। ममता ने मंच से उतरकर भजन न किया तो क्या किया, गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम हजारों की संख्या में देशकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम शाम 7.30 बजे तक चला। शुक्रवार 16

### सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज



**बैतूल।** सामाजिक जन कल्याण समिति की बैठक आज दिनांक 16 जनवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे शहीद भवन में आयोजित की जाएगी। समिति अध्यक्ष एसएल मंडलेकर ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## ताप्ती वन परिक्षेत्र का भ्रमण

# अनुभूति कैंप में बच्चों ने जाना प्रकृति का महत्व और ली शपथ




**बैतूल।** दक्षिण बैतूल वनमण्डल के ताप्ती वन परिक्षेत्र अंतर्गत अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन किया गया। अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत यह आयोजन पिपरिया में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि पिपरिया समिति के अध्यक्ष सुकराम धुर्वे, जनपद सदस्य गोदान परते एवं सरपंच श्रीमती कलावती बाई की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी कैलाश भद्रकारे एवं ताप्ती वन परिक्षेत्र अधिकारी दयानंद डेहरिया विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा वन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान अनुभूति मास्टर ट्रेनर के. एल. चंदेलकर एवं पर्यावरण प्रेमी पंकज राठौर, कामूलाल इवने तथा वनरक्षक श्रीमती प्रियंका डेहरिया द्वारा बच्चों को कैंप स्थल पर अनुभूति कार्यक्रम की संक्षिप्त ब्रीफिंग दी गई। बच्चों को अनुभूति की प्रमुख थीम मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव एवं हम हैं धरती के दूत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही अनुभूति की आचार संहिता एवं पूरे दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा समझाई गई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं को तीन समूहों में विभाजित कर प्रकृति पथ पर भ्रमण कराया गया। इस दौरान घास, सूखे पत्ते, विभिन्न वृक्ष, झाड़ियाँ एवं औषधीय पौधों की पहचान कराई गई तथा उनकी उपयोगिता, महत्व, संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी दी गई। बच्चों को दीमक की बामी, मधुमक्खी के छत्ते, बया पक्षी का घोंसला, शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्य जीव, सर्प, गिद्ध एवं अन्य पक्षियों के बारे में भी रोचक जानकारी दी गई।

### खेल, गतिविधियां के साथ पर्यावरण का दिया संदेश

कार्यक्रम में साहसिक गतिविधियां, खाद्य-जाल, खाद्य-श्रृंखला, मैं हूं कौन जैसे रोचक खेल, क्विज प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी गतिविधियों के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। इस समृद्ध अनुभव के साथ सभी प्रतिभागियों ने प्रकृति संरक्षण की शपथ ली और सामूहिक अनुभूति गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अनुभूति नेचर कैंप के दौरान वन विभाग के कर्मचारी ओंकार नाथ मालवीय, मनोज मोरे, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद थे।

## विजेताओं को बांटी शील्ड

# बाबा मनसुखदास मेले में नृत्य प्रतियोगिता की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

बाबा मनसुखदास मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दूर-दूर से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। नन्ही-नन्ही बालिकाओं ने भजनों और गीतों पर नृत्य किया।

ओपन डांस प्रतियोगिता होने के कारण युवाओं ने भी अपने कला को प्रस्तुत किया। जिसमें हब्बू खान युवा डांसर ने पुराने गीत, इन्हीं लोगों ने ले लीना दुपट्टा मेरा, ने दर्शकों का मन मोह लिया। जिस पर उन्हें परितोषित भी दिए गए। डांस प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला नगर परिषद शाहपुर के रंगमंच पर प्रस्तुत होगा। जिसमें स्व. कृष्णराव जगताप बाबूजी की स्मृति में पत्रकार संजय जगताप शाहपुर के द्वारा दो कप शील्ड विजेताओं को दी जाएगी।

# मनरेगा महासंग्राम रैली में भाजपा पर खूब बरसे कांग्रेस जिला अध्यक्ष डागा

## आमला विस में कांग्रेस ने खोली भाजपा के भ्रष्टाचार की परतें



**बैतूल।** आमला में आयोजित कांग्रेस की मनरेगा महासंग्राम रैली के अंतर्गत 15 जनवरी को आमला विधानसभा के बस स्टैंड चौक पर कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान विशाल जनसभा आयोजित की गई, जिसे संबोधित करते हुए कांग्रेस की जिला अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने कहा कि 2005 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया गया था। इस कानून के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से 100 दिन का रोजगार देने का प्रावधान था और यदि रोजगार नहीं मिलता तो रोजगार भत्ता देने का नियम था। इस योजना से गांवों में संपन्नता आई, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। निलय डागा ने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र की भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी रोजगार योजना का नाम बदलकर विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन, वीबीजी रामजी कर दिया। उन्होंने कहा कि जानबूझकर ऐसा किया गया ताकि महात्मा गांधी का नाम हटाया जा सके और कांग्रेस पर भगवान राम विरोधी होने का झूठा आरोप लगाया जा सके। कांग्रेस ने कभी भगवान राम का विरोध नहीं किया, यह भाजपा द्वारा फैलाया गया झूठ है।

# आयुष विभाग का निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 124 लोगों को मिला उपचार

## खामला में आयोजित किया आयुष चिकित्सा शिविर



**बैतूल/ भैंसदेही।** भैसदेही तहसील के ग्राम खामला में 14 जनवरी को आयोजित हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग बैतूल द्वारा निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर आयुष पद्धति से उपचार का लाभ लिया। इस शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें प्रातः 11 बजे से चिकित्सा सेवाएं प्रारंभ की गईं।

खामला में आयोजित शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत डोंगरे के नेतृत्व में डॉ. सुशील सोनी, डॉ. प्रमोद बारस्कर, डॉक्टर पूनम नागले और डॉ. प्रगति सहित कुल 8 कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में पहुंचे नागरिकों का परीक्षण कर श्वास, कास, प्रतिश्याय, संधिवात, अर्श सहित विभिन्न रोगों के लिए आवश्यक आयुष उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को जांच की।

# स्व. सतीष मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

### सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व शाहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रहे पंडित स्व. सतीष मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि गुरुवार को पहावाड़ी में श्रद्धा, सम्मान और आत्मीय स्मरण के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर उनके परिजनों द्वारा श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, बीजेपी जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जनसिंह उईके, जिला महामंत्री कमलेश सिंह, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष रोहित विक्की नायक, पूर्व विधायक मंगल सिंह धुर्वे, वरिष्ठ नेता प्रशांत गावड़े, मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीतू गुप्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दोपहर 12 बजे आरंभ हुए कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने स्व. सतीष मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पं. मिश्रा अपने सरल स्वभाव, स्नेहिल व्यवहार और आदर्श जीवनशैली के लिए सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे। समाज और संगठन के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय रहा है।

परिजनों ने बताया कि पं. स्व. मिश्रा ने अपने जीवन में जो संस्कार, मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना दी, वह आज भी लोगों के हृदय में जीवित है। वे परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी एक मार्गदर्शक व्यक्तित्व थे।कार्यक्रम के माध्यम से उनके जीवन, विचारों और योगदान को स्मरण करते हुए सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समापन शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां उपस्थित जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# मकर संक्रांति पर बाबा मठारदेव मेले में गरीबों को किया कंबल का वितरण

## 21 जरूरतमंदों को सहारा, पहले दिन 80 हजार श्रद्धालु आए



**सारनी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बाबा मठारदेव मेले में आस्था, सेवा और मानवता का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए 21 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष साफ झलकता नजर आया। संगठन की इस पहल की मेले में मौजूद श्रद्धालुओं ने सराहना की।

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मेले में आए श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करें और पुण्य लाभ अर्जित करें। संगठन जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों में सेवा कार्य करने से समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। दान से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और मानव सेवा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर बाबा मठारदेव का यह प्रसिद्ध मेला श्रद्धा और विश्वास का केंद्र बना रहा। वर्षों से लग रहे इस मेले में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा मठारदेव के दर्शन कर माथा टेका और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। अनुमान के अनुसार इस वर्ष मेले में करीब 70 से 80 हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की गई। पूरे दिन मेले में भक्तों की आवाजाही बनी रही और भंडारा सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 तक चलता रहा। पूजा-अर्चना, दर्शन और सेवा कार्यों के बीच बाबा मठारदेव मेला एक बार फिर आस्था और सामाजिक सरोकारों का प्रतीक बनकर उभरा। इस दौरान समाजसेवी भाजपा वरिष्ठ नेता पी. जे.शर्मा ,श्याम मदान ,पंजाब राव बारस्कर एवं संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी,जिला मंत्री, राकेश सोनी,जिला संयुक्त सचिव पवन चौरसिया, जिला उप संगठन महामंत्री मुकेश सोनी, तनिष्क बौरासी, तन्मय जायसवाल आदि पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय ताप्ती जन्मोत्सव का शुभारंभ, हुए कई कार्यक्रम

# जीवनदायिनी, संस्कृति पोषक और पवित्रा है ताप्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन बैतूल, नगर पालिका परिषद मुलताई एवं दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव का शुभारंभ हाई स्कूल मैदान, मुलताई में हुआ। यह आयोजन मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नदियों की महिमा और संरक्षण का संदेश देते हुए प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक-श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री (जनजातीय कार्य विभाग, भारत सरकार) दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने की। विशेष अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर उपस्थित रहीं। ताप्ती महोत्सव के द्वितीय दिन का आरंभ सुगम संगीत से हुआ, जिसमें संजय श्रीवास्तव ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में जानी बैरागी, भुवन मोहिनी, अमन अक्षर, दीपक शुक्ला सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और सभागार में काव्यरस की वर्षा कर दी।






### अमृतधारा—ताप्ती समवेत प्रस्तुति ने दिया संरक्षण का संदेश....

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई अमृतधारा—ताप्ती समवेत प्रस्तुति का प्रथम मंचन महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर किया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से ताप्ती नदी के जरिए नदी, पर्वत, जंगल, प्रकृति एवं जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। प्रस्तुति का आरंभ मां ताप्ती के उद्गम की पौराणिक कथा से हुआ। लगभग 740 किलोमीटर की यात्रा तय करने वाली यह पावन नदी केवल जल स्रोत ही नहीं, बल्कि जीवनदायिनी, संस्कृतियों को जन्म देने वाली और पवित्रता की प्रतीक है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने सूत्रधार के रूप में कथा को जीवंत किया। उनके साथ बाल कलाकार वान्या दत्ता ने नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रकृति संरक्षण का संकल्प प्रस्तुत किया। हिमानी शिवपुरी परंपराओं का प्रतीक बनीं, वहीं वान्या ने परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। भरतनाट्यम, कथक, कंटेंपरेरी, कोरकू, सैला, गदली, गणगौर एवं बुंदेली नृत्य शैलियों के सुंदर समन्वय ने प्रस्तुति को अत्यंत प्रभावशाली बना दिया। इस प्रस्तुति में मध्यप्रदेश के लगभग 80 कलाकारों ने सहभागिता की। प्रस्तुति की परिकल्पना एवं लेखन वीनस तरकसवार, निर्देशन व संगीत संयोजन उमेश तरकसवार, नृत्य निर्देशन श्वेता देवेंद्र, संगीत संचालन कबीर तरकसवार, प्रकाश परिकल्पना आदर्श शर्मा तथा वेशभूषा अर्चना शैलेन्द्र द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### गूगल मेप ने बताया रास्ता सीढ़ियों से नीचे उतरी थार

**नर्मदापुरम।** गूगल मेप से मिली गलत जानकारी के कारण थार चालक सीढ़ियों से उतर नर्मदा नदी के जल के समीप गाड़ी को ले गया। हालांकि ऐसे हादसे गूगल मेप की गलती से देश में कई बार हुए हैं, लेकिन नर्मदापुरम में ऐसा हादसा पहली बार देखने को मिला। जिसका सोशल मीडिया पर वीडिया जमकर वायरल हो रहा है। वाहन क्रं.एमपी 04 वाययू 2563 के मालिक का पता किया तो उक्त वाहन सोनू गुर्जर पिता मांगीलाल गुर्जर उम्र 28 साल निवासी महुआखेडा तहसील श्यामपुर जिला सीहोर के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाया गया। थाना कोतवाली नर्मदापुरम द्वारा वाहन मालिक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई कर समझाइस दी गई।

### स्वच्छता की अलख जगा रही ग्वाल नर्मदा सेना

**नर्मदापुरम।** ग्वाल नर्मदा सेना द्वारा निरंतर स्वच्छता अभियान जारी है। गुरूवार को ग्वाल घाट गोलघाट पर ग्वाल नर्मदा सेना ने स्वच्छता अभियान चलाया एवं अन्य दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं को पॉलिथीन साबुन, शेम्पू का इस्तेमाल न करने का संदेश दिया। इस अवसर पर नागरिकों को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा ग्वाल नर्मदा सेना के अध्यक्ष मोहन यादव, संरक्षक धनराज यादव, पूर्व अध्यक्ष सुनील पप्पू यादव, ललित मोहन यादव, शैलेंद्र यादव,कपिल यादव, भूपेंद्र यादव, सुनील यादव, तुकाराम यादव मौजूद रहे।

## विधानसभा में विकास कार्यों के लिए विधायक विजयपाल सौंपेंगे ज्ञापन

# सीएम का माखननगर दौरा आज, लाड़ली बहना सहित क्षेत्रवासियों को मिलेगी सौगात

**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नर्मदापुरम के माखननगर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की सौगात क्षेत्रवासियों सहित प्रदेशवासियों को मिलेगी। सुरक्षा के इंतजाम पुलिस प्रशासन ने कर रखे हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/माखननगर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज नर्मदापुरम जिले के माखननगर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राही, विशेष पिछड़ी जनजाति बहनों को 450 रूपए में गैस सिलेंडर रिफिल अनुदान आदि अंतरण करेंगे। इसके साथ ही सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की भी कई योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण होगा।

### विधायक सौंपेगे ज्ञापन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के माखननगर आगमन और योजना की राशि अंतरण के साथ ही सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों के लिए विधायक विजयपाल सिंह ज्ञापन सौंपेंगे। जिसमें विधानसभा चार भागों में विभाजित है जिससे शासकीय कार्य में काफी कठिनाईयां आती हैं, इसे लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम मरोड़ा से रजौन पर तवापुल निर्माण कराना, जिससे अनेकों नागरिक सीधे इटारसी से जुड़ेंगे और किसानों को मंडी जाने में करीब 40 किमी की दूरी बचेगी।

इसके अलावा नर्मदापुरम से पिपरिया, बनखेड़ी फोरलेन मार्ग की स्वीकृति वर्ष 2023-24 बजट में हुई लेकिन एसएफसी नहीं होने के कारण उपरोक्त फोरलेन की निविदा जारी नहीं हो पाई। वहीं उच्च शिक्षा विभाग का सोहागपुर में कोई भी कॉलेज नहीं है, जिसकी मांग की जाएगी। शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखननगर में पूर्व में कक्ष निर्माण के लिए 2.5 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए थे परंतु कक्षों की कमी है अतः कक्षों के निर्माण हेतु 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की जाए। वहीं राजस्व विभाग विधानसभा क्षेत्र के माखननगर अंतर्गत ग्रामों के सीमांकन, नक्शा शीट दुरूस्थ कराने, विस्थापितों को राजस्व ग्रामों का दर्जा, रामपुर-गुर्रा सर्कल को ठप्पा तहसील, एसडीएम कार्यालय सोहागपुर के जीर्ण-शीर्ण भवन को नवीन भवन स्वीकृति, तहसील कार्यालय माखननगर नवीन बिल्डिंग सहित पशु पालन विभाग, सिचांई विभाग, शिक्षा विभाग जैसे मुद्दों पर ज्ञापन सौंपेगें।

### यह भी रहेंगे मुद्दे

नगर परिषद माखननगर में बच्चों के खेल हेतु स्टेडियम, तालाब एवं पार्क का सौंदर्यीकरण, राष्ट्रकवि पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मस्थली में चार प्रवेश द्वार हेतु विशेष निधि से 20 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत करने हेतु, कुठारिया से बीज निगम फार्म तक डिवाइडर रोड चौड़ीकरण, नगर परिषद सोहागपुर के अंतर्गत रामगंज वार्ड स्थित शंकर मंदिर से सुभाष वार्ड स्थित माय सिटी तक नगरीय क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण, पलकमति नदी पर जमनी मुक्तिधाम के पीछे स्टॉप डेम निर्माण एवं पलकमति के दोनों तरफ घाट एवं मार्ग निर्माण विशेष निधि से कुल 20 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत करने, नगर परिषद सोहागपुर अंतर्गत रेवा बनखेड़ी स्थित पुराने ट्रेंचिंग गांव पर इंडोर स्टेडियम, लोक निर्माण विभाग से टोला नदी पर पुल, सांगाखेड़ा कला में मार्ग आदि मार्ग शामिल हैं।

### ये रहेगा रूट प्लान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान माखन नगर में यातायात एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था इस प्रकार रहेगी। कार्यक्रम के दौरान सुचारु एवं सुरक्षित यातायात को ध्यान में रखते हुए। गुरुवार को प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कुछ मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा, रोड शो के दौरान यातायात कुछ देर के लिए रोका जाएगा। डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा ने बताया कि पिपरिया सोहागपुर तरफ से आने वाले वाहनो के लिए- सुमित्रा पब्लिक स्कूल माखननगर में पार्किंग व्यवस्था, नर्मदापुरम तरफ से आने वाले वाहनों के लिए - अनाज मंडी माखननगर, बागरा तवा रोड तरफ से आने वाले वाहनो के लिए- मंगलदीप मैरिज गार्डन बागरा रोड माखननगर, वैकल्पिक पार्किंग - आरी रोड पर अतिरिक्त पार्किंग की आवश्यकता होने पर उपयोग हेतु, हेलीपेड से सिरवाड़ रोड होते हुए माखन लाल चतुर्वेदी जी की प्रतिमा स्थल तक एवं यहां से कार्यक्रम स्थल तक मुख्य मार्ग पर सुरक्षा को देखते हुए वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी और अनधिकृत रूप से इन मार्गों पर वाहन पार्क करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## तीन सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र में रात में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई है, जबकि दो युवा घायल हो गए हैं। मामलों में सोहागपुर पुलिस ने जांच शुरु की है। तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है यह तीनों घटनाएं बाइकर्स के साथ हुई हैं। पहली घटना गुलौन गांव के समीप हुई जिसमें एक बाईक पर सवार दो लोगों की एक कार की टक्कर से मृत्यु हो गई है। वहीं दूसरी घटना सोहागपुर के समीप हुई है, जिसमें एक व्यक्ति घायल है तथा एक की मृत्यु हो गई है। दोनों बाइक से पिपरिया जा रहे थे। तीसरी घटना में एक बाइक सवार घायल हो गया है, जिसे नर्मदापुरम रेफर किया गया है। खासकर बाइकर्स के साथ गंभीर घटनाएं हो रही हैं, जिसमें रात्रि में सफेद लाइट्स वाले वाहनों और मवेशियों के कारण अधिक दुर्घटनाएं अस्तित्व में आ रही हैं। घटना एक- पहली घटना में अनिल पटेल निवासी बमौरी ने रिपोर्ट की है। दर्ज रिपोर्ट अनुसार फरियादी के भांजे अरविंद पटेल 34 वर्ष पुत्र रमेश पटेल निवासी ग्राम दड़ींगा व भतीजे राजकुमार पटेल उम्र 23 वर्ष पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम बमौरी का गुलौन मोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया है। अनिल पटेल ने मौके पर पहुंचकर देखा कि अरविंद तथा राजकुमार सड़क पर पड़े थे। एक्सीडेंट करने वाली कार स्विफ्ट एमपी 04 ज़ेडजी 8559 के चालक ने अरविंद पटेल एवं राजकुमार पटेल को टक्कर मारी तथा मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग गया है। दूसरी घटना गुरुवार तड़के करीब चार बजे की है। कपिल पिता राकेश दीवान कुचबंदिया उम्र 37 वर्ष निवासी अंबेडकर वार्ड पिपरिया दोस्त के साथ बाबई से मोटरसाइकिल से गमी के कार्यक्रम के पश्चात लौट रहा था। देर रात लगभग एक बजे बाबई से दोनों साथी निकले थे। इस दौरान सोहागपुर में सेंट पैट्रिक स्कूल एवं चीचली पुलिया के बीच एक्सीडेंट हो गया। जिसमें कपिल की मृत्यु हो गई। कपिल का साथी घायल है, जिसकी जानकारी गुरुवार देर शाम तक पुलिस को नहीं मिल सकी थी। एक्सीडेंट का कारण अज्ञात है। तीसरी घटना में संदीप धुर्वे पिता गोपाल धुर्वे निवासी ग्राम छेड़का सोहागपुर उम्र 22 वर्ष बुधवार रात में सड़क दुर्घटना में घायल होकर अस्पताल आया थे। अधिक चोट होने से उसे सोहागपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल नर्मदापुरम रैफर किया गया है। उक्त मामले में अस्पताल से मेमो प्राप्त होने पर पुलिस ने जांच शुरू की है। घटनास्थल एवं घटना समय की जानकारी गुरुवार देर शाम तक प्राप्त नहीं हो सकी थी।

## महाराज को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व सांसद नकुलनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 गरीबदास महाराज को श्रद्धांजलि देने का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में पूर्व सांसद नकुलनाथ पचमढ़ी पहुंचे। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए नकुलनाथ काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि संत श्री गरीबदास महाराज का देवलोक गमन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। नकुलनाथ ने महाराज जी के साथ अपने गहराते रिश्तों को याद करते हुए कहा कि छिंदवाड़ा का हर व्यक्ति उन्हें अपना आराध्य और मार्गदर्शक मानता था। नकुलनाथ ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत भी महाराज जी के आशीर्वाद से ही हुई थी। उन्होंने कहा 'अगर आज मैं राजनीति में हूं, तो यह केवल महाराज जी के आदेश का फल है। जब कमलनाथ जी मुख्यमंत्री बने थे, तब महाराज जी ने ही मुझे आदेश दिया था कि अब तुम्हें छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ना है।'

## नर्मदा के घाटों पर बही आस्था की बयार जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन, उमड़ी आस्था

**दो दिवसीय मकर संक्रांति पर्व का हुआ समापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सूर्य के राशि परिवर्तन करते ही मकर संक्रांति का पावन त्यौहार पड़ा। इस दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं में मां नर्मदा में स्नान कर दानपुण्य किया। वहीं नर्मदा के विभिन्न घाटों पर गुरूवार को भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले सहित अन्य जिलों से आएं श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसी कड़ी में मां नर्मदा भोग सेवा समिति ने स्थानीय सेठानी घाट स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर मकर संक्रांति पर्व का स्नान करने आए श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया कार्यक्रम में समिति के संरक्षक हंस राय, अध्यक्ष विवेक चौकसे, पंडित लवलेश शर्मा, राजेश खत्री, चिंटू राठौर, रितेश शर्मा, योगेश राठौर ,प्रकाश गुप्ता, राज कहर , अर्जुन ठाकुर, जय सिंह यादव ,श्यामू नायक, साजन हेमनानी, डॉ शुभम दुबे, अतुल चौकसे, विनय यादव, मधुर शिवहरे, सौरभ पटवा, सौरभ तिवारी, पुन्नी भारद्वाज, गौरव पटवा, हितेश मनवारे, भुवनेश मेश्कर, गौरव पटवा, सुमित पटेल, अतुल मालवीय, सचिन शर्मा, गौतम पटवा शिवम शर्मा, निशांत मालवीय, राम यादव, अनमोल चौकसे, पंकज रैकवार आदि सदस्य कार्यक्रम निरंतर 5 वर्षों से प्रत्येक पूर्णिमा एवं अमावस्या पर जारी है।

## जानलेवा चाइनीज मांझा का कहर जारी, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मकर संक्रांति के पर्व पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। 24 वर्षीय युवक शुभम शर्मा का गला पतंग की डोर चाइनीज मांझे से कट कटने के बाद। जोमैटो के एक डिलीवरी बॉय आकाश भाट की नाक भी ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जख्मी हो गयी, उसकी आंख भी बाल-बाल बची है। मिली जानकारी के अनुसार भाट मोहल्ला निवासी आकाश भाट जोमैटो डिलीवरी बॉय का कार्य करता है, ओवर ब्रिज से डिलीवरी देने के लिए जा रहा था। इस दौरान चाइनीस मांझा का शिकार हो गया आकाश भाट का नाक एवं आंख के नीचे का हिस्सा चाइनीस मांझा से कट गया जिसका उपचार सरकारी अस्पताल में किया। पुलिस ने कई पतंग दुकानों पर जाकर जांच की। गुरूवार की सुबह से पुलिस की टीम पटवा लाइन सहित अन्य जहां पतंग बिक रही हैं, उन दुकानों पर जाकर जांच कर रही है।

### मां की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

इधर पुरानी इटारसी में हुए हादसे के बाद घायल शुभम की मां, अल्पना शर्मा 50 वर्ष, पति राजेश शर्मा की शिकायत पर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लापरवाही से पतंग उड़ाने का मामला दर्ज कर लिया है।

### प्रशासन व पुलिस सख्त

इस घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है, जिसके तुरंत बाद प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गए हैं। पुलिस की टीम ने सड़क पर उतरकर पतंगबाजों के धागे चेक किए। हादसे की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए शहर की मुख्य सड़कों और व्यस्त चौराहों पर पतंगबाजी करने वालों को सख्त हिदायत देकर हटाया गया। नायब तहसीलदार ने भी पुलिस टीम के साथ दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए है।

### कप्तान शिखर देशमुख ने लगाया दोहरा शतक

**नर्मदापुरम।** एमपीसीए इंदौर के तत्वाधान में नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ नर्मदापुरम द्वारा आयोजित अंडर-18 हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी में नर्मदापुरम संभाग ने शहडोल संभाग पर पहली पारी में महत्वपूर्ण 19 रनों की बढ़त बना ली है। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि शिखर देशमुख ने 9वें विकेट के लिए प्रिंस पटेल के साथ 138 बॉल खेलते हुए 100 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर अपना दोहरा शतक लगाया और नर्मदापुरम टीम 364 रन बनाकर ऑल आउट हुई। दूसरी पारी में शहडोल संभाग टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 144 रन बनाए।

### स्वास्थ्य-पोषण की दिशा में पहल

**इटारसी।** वार्ड 14 के निवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। क्षेत्र में जल्द ही एक सर्वसुविधायुक्त नवीन आंगनवाड़ी केंद का निर्माण किया जाएगा, जिससे शिशु-मातृ स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की सेवाओं को मजबूती मिलेगी। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र समाज की नींव हैं। नए भवन के निर्माण से बच्चों के टीकाकरण, पोषण और महिलाओं की जागरूकता से जुड़े कार्यों में और अधिक सुव्यवस्थित ढंग से तेजी आएगी। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि शहर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और यह निर्माण इसी कड़ी का हिस्सा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूजा गौर और परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बताया कि नया केंद्र बनने से स्थानीय स्तर पर सुविधाओं का संचालन अधिक प्रभावी होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हिंदू सम्मेलन के लिए भगवा वाहन रैली आज,आमंत्रण बांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र में 17 एवं 18 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जाना है। सम्मेलनों को सफल बनाने के लिये सोहागपुर नगर में आज शुक्रवार में 16 जनवरी को भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी। सम्मेलन आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि समस्त रामभक्त रैली में शामिल हों तथा सम्मेलनों को सफल बनाएं, इसके लिये लगातार आमंत्रण पत्र वितरित किये जा रहे हैं तथा बैठकें भी की जा रही हैं। बैठकों के दौरान सभी से आग्रह किया जा रहा है कि दोपहिया वाहन के साथ रैली में सम्मिलित होएं। साथ ही दोनों सम्मेलनों में भी उपस्थित हों। जानकारी अनुसार वाहन रैली 16 जनवरी 2026 की शाम चार बजे से काली मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। सकल हिन्दू समाज सोहागपुर ने समस्त हिंदुओं से सम्मिलित होने की अपील की है।

## जनसुनवाई अधिकारियों से सीधे जुड़ने का माध्यम बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अपनी समस्याओं को लेकर नगर पालिका पहुंचने वाले लोगों को समाधान आसानी से मिल रहा है। जनसुनवाई एक माध्यम बन गया है। जो सीधे जनता से नगर पालिका के अधिकारियों को जोड़ रहा है। हर गुरूवार अपनी समस्या लेकर नगर पालिका पहुंचने वाले लोगों को निराकरण मिलने पर खुशी मिलती है। गुरूवार को भी नपा में जनसुनवाई कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी द्वारा की गई। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा उनका निराकरण कराया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर जनसुनवाई की गई। जिसमें 5-6 साफ सफाई, जल निकासी सहित राशन कार्ड से नाम समर्पण के आवेदन पर सुनवाई की गई। जिसमें सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण करा दिया गया।

## ई टोकन सुविधा से किसानों को लाभ, सांसद ने रथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया-बनखेड़ी विकासखंड के सैकड़ों गांवों के किसानों को जागरूक करने के लिए ई टोकन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी गांव गांव पहुंचकर किसानों को जागरूक करने सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने कृषि रथ का शुभारंभ किया था। ग्राम पंचायत देवरी चांदौन पहुंचकर किसानों को आधुनिक खेती की विधियां फसल विविधीकरण, प्राक्रतिक खेती और केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रुपल राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नरवाई जलाने से फसल विविधीकरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। किसान नरवाई ना जलावे। किसान अब घर बैठे ही ई टोकन बुककर सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### डे-केयर कैंसर केमोथेरेपी सेवाओं का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) भोपाल की टीम ने जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में संचालित डे-केयर कैंसर केमोथेरेपी सेवाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान टीम द्वारा अस्पताल में चल रहे कैंसर उपचार की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाइकल एवं लंग कैंसर के मरीजों को दी जा रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा उपचार की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता और रोगियों को मिल रहे लाभों पर चर्चा की गई।

**न्यायालय तहसीलदार माखन नगर जिला नर्मदापुरम**

क्रमांक / प्रवा / तह / 2026 माखन नगर
दिनांक 09.01.2026
मौजा - वंशीखैरी
सुन्दर सिंह आ. रामगोविद
निवासी ग्राम गूजरवाड़ा तहसील
माखन नगर.............. आवेदक
विरुद्ध
सर्वसाधरण............... अनावेदक
राजस्व मामले में सूचना/इश्तहार

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक सुन्दर सिंह आ. रामगोविद निवासी ग्राम गूजरवाड़ा द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम वंशीखैरी स्थित भूमि ख.नं. 16/11 रकबा 1.619 हे. भूमि अभिलेख में दर्ज है। जिसका नक्शे पर बटांकन नही है। मिसल बदोंबस्त वर्ष 1914-15 अनुसार मूल नम्बर 18 का रकबा 45. 94 एकड (18.606 हे.) है। वर्तमान खसरा अभिलेख 2024-25 के अनुसार ख.नं. 16 के सभी बटांकनो का योग 16.415 हे. (47.94 एकड) है। कंडिका 1 एंव 2 से स्पष्ट है कि मूल नं. 16 के सभी बटानो का वर्तमान रकबा का योग मूल ख.नं. के रकबे वास्तविक से 0.809 हे. (2.00 एकड) वेसी पाया गया। उक्त वेसी रकबे के संबंध में मेरे द्वारा संशोधन पंजी वर्ष 2011-12 से लेकर वर्ष 2017-18 का अवलोकन किया जिसमे पाया कि ख.नं. 16/22 रकबा 0.809 हे. शिवकुमारी आ. चंदपाल के नाम से वेसी पाया गया जबकि वास्तविकता मे शिवकुमारी आ. चंद्रपाल द्वारा कुल 4.00 एकड (1.619 हे.) रकबा दो बार मे विक्रय पत्र रजिस्टी के माध्यम से क्रय कर नामांतरण दर्ज करवाया गया है। अतः उक्त नक्शा दुरस्ती का कार्य उक्त जानकारी अनुसार वेसी रकबे के विलोपित किए जाने (त्रुटि सुधार किये जाने) के पश्चात ही संभव है। आवेदक का आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त सम्बंध में आपको सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी प्रकार से कोई हक वो स्वत्व रखते हो कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है बादम्याद के प्राप्त दावा आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09.01.2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एव मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। नोटः- नियत दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर होगी।

**तहसीलदार**
**माखन नगर जिला नर्मदापुरम**









## खबर संक्षेप



### नर्मदा प्रदक्षिणा में संत नर्मदानंद बापू का हुआ स्वागत

**खिरकिया।** नर्मदा प्रदक्षिणा परिक्रमा के दौरान पूज्य संत नर्मदानंद बापू का एक स्कूल के प्रांगण में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। उनके साथ अनेक संत भी थे। स्कूल के परिसर में जैसे ही प्रवेश हुआ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों ने माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर बापू ने विद्यालय में प्रतिष्ठित मां सरस्वती की पूजा की। उन्होंने उपदेश स्वरूप कहा कि राष्ट्र समर्पित नर्मदा प्रदक्षिणा सेवा यात्रा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि राष्ट्र और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के संकल्प से भी परिपूर्ण है। यह नर्मदा परिक्रमा यात्रा 108 दिन का है जो 5 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई है, और 3000 किलोमीटर की दूरी तय करने पर पूर्ण होगी। नर्मदा प्रदक्षिणा की शुरुआत ओंकारेश्वर दक्षिण तट से प्रारंभ हुई तथा इसका समापन ओंकारेश्वर पहुंचने पर पूर्ण होगी।

### जिले के 3 स्थानीय अवकाश घोषित

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने हरदा जिले में वर्ष 2026 के लिये 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जारी अधिसूचना अनुसार 29 अगस्त शनिवार को कजलिया पर्व, 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी तथा 6 नवम्बर शुक्रवार को धनतेरस का स्थानीय अवकाश सम्पूर्ण हरदा जिले के लिये घोषित किया गया है। ये अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**खिरकिया।** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को करणी सेना परिवार प्रमुख के जन्मदिवस के अवसर पर करणी सेना परिवार तहसील खिरकिया टीम के द्वारा फल - बिस्किट वितरित किए। साथ ही अस्पताल में उपस्थित मरीजों का कुशलक्षेम जाना। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर ज़रूरत मंद लोगो की सहायता करने की बात कही। इस दौरान करणी सेना परिवार तहसील खिरकिया के सदस्य एवं सर्व समाज के भाई बन्धु उपस्थित हुए।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 जनवरी को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा लगभग 1696 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो।

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के आवेदन 20 तक

**सीहोर।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल www.mpsos.nic.in पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। इसके साथ ही परीक्षा के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in से डाउनलोड़ किये जा सकेंगे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का हुआ शुभारंभ

# जन-जन तक पहुंचे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारीः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान ग्राम विकास पखवाड़े के रूप में मप्र जनअभियान परिषद के तत्वावधान में चलाया जाएगा। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ बुधवार को पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के मुख्य आतिथ्य में पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरदा के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र एवं मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर प्रारम्भ किया गया। संभाग समन्वयक कौशलेष तिवारी ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने, योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से ग्राम चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान एवं पारिवारिक संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त एवं गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यह अभियान 26 जनवरी तक जिले के विकासखंड, सेक्टर, ग्राम पंचायत तक निरंतर चलाया जाएगा।

### लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले

पूर्व कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि वर्तमान में चलाए जा रहे ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचे और इसका लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले। मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राध्यापक बसंत सिंह राजपूत ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जीवन इस बात का उदाहरण है कि सच्चे आत्मविश्वास, कठोर परिश्रम और सही दिशा से कोई भी असंभव कार्य संभव किया जा सकता है। आज नए पीढ़ी की ऊर्जा और पुराने पीढ़ी का अनुभव विकसित भारत की हमारे यात्रा को गति दे रहा है।

### शासन की ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान महत्वपूर्ण

विभाग प्राध्यापक कार्य प्रमुख आलोक जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानद के विचारों से युवाओं में राष्ट्रहित के कार्य करने की एक दिशा प्राप्त होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि शासन की ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान महत्वपूर्ण है। इसकी सफलता मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के हाथों में है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने बताया कि संस्कार युक्त और राष्ट्रीय विचार व कार्य ही समाज व राष्ट्र को सम्बल प्रदान करते हैं। उपसंचालक पशु चिकित्सालय हरदा डॉ. अजय रामटेक ने पशुपालन में शासन की विभिन्न योजनाओं तथा मूलक योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक मध्य क्षेत्र केशव दुबोलिया ने स्वदेशी अपनाने एवं स्व-बोध, विकसित भारत, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता व स्वदेशी, शिक्षा, चरित्र, नेतृत्व के संबध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंतर्गत रुपरेखा जिला समन्वयक संदीप गौहर ने बताई। इस दौरान समाज सेवी जिला विकास सलाहकार समिति ओमप्रकाश चौहान उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता दीनबंधु गौर एवं आभार विकासखंड समन्वयक हरदा राकेश वर्मा ने व्यक्त किये।

## भारत माता की आरती की

# हिंदू सम्मेलन को लेकर ट्रैक्टर रैली निकाली गई



**रहटगांव।** नगर में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक ट्रैक्टर रैली निकाली गई है।

गुरुवार को हिंदू सम्मेलन के निमित विशाल ट्रैक्टर रैली मंडी प्रांगण से दोपहर1 बजे निकाली गई। अंत में मंडी प्रांगण में ही रैली का समापन भारत माता की आरती कर किया गया। जानकारी के मुताबिक रहटगांव में पुरा नगर, नजरपुरा एवं मोहनपुर का सम्मेलन 17 जनवरी को रखा गया है। जिसके चलते सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति और स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक परिवारों को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। मार्गों में पताकाएं लगाई जा रही हैं, आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। प्रभात एवं सांयकाल हरे राम-हरे कृष्ण संकीर्तन के साथ फेरियां निकालकर जनजागरण किया जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार कि हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को आपस में जोड़ना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके अंतर्गत स्नेह भोज का आयोजन 17 जनवरी को नगर में किया जाएगा, जिससे आपसी आत्मीयता और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा।

## पेंशनर्स सेवाकाल के उल्लेखनीय अनुभव शेयर करें, समस्या हो तो बताएंः कलेक्टर



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स अपने सेवाकाल के उल्लेखनीय अनुभव जरूर शेयर करें। जिला प्रशासन उनके कल्याण के लिये सदैव तत्पर है। उनको किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह भी अवगत कराएं, जिसका संवेदनशीलता से निराकरण किया जाएगा। गुरुवार को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर जैन ने सभी पेंशनर्स के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होने 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेंशनर्स एवं एसोसिएशन में शामिल नये पेंशनर्स का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला पेंशन अधिकारी रूमसिंह डूडवे सहित पेंशनर्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी आर.बी. सगर, जिला अध्यक्ष पी.सी. पोर्ते, संभागीय अध्यक्ष जी.आर. गौर, प्रांतीय अध्यक्ष ओ.पी. मुकाती व बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रन्हाईकला का निरीक्षण कर समस्याओं की जानकारी ली




**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिह ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रन्हाईकला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र की साफसफाई, बिजली एवं पानी की समस्या की जानकारी ली। संस्था के कार्यो एवं रिकार्ड का सत्यापन किया तथा संस्था में पर्याप्त दवाईयाँ एवं अन्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिये। उन्होने दवाईयों एवं सामग्री की आपूर्ति के लिये समय पर इंडेन्ट करने के निर्देश दिये। उन्होने चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर एवं पेरामेडिकल स्टाफ को नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होने संस्था प्रभारी को स्वास्थ्य केन्द्र के सामने साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवम छापरे, डॉ. तृप्ती खत्री, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश वर्मा, फार्मासिस्ट अंकीता जाट, लेब टेक्नीशियन सोनू चौहान, नर्सिंग ऑफिसर आरती नामदेव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में भोजन-नाश्ता गुणवत्तापूर्ण व सही मात्रा में मिलेः जिला कार्यक्रम अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे ने गुरूवार को परियोजना हरदा शहरी के कार्यालय में शहरी परियोजना के 7 स्वसहायता समूह के अध्यक्ष व सचिव की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होने समूह के सदस्यों से भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता के संबंध में चर्चा की। उन्होने निर्देश दिये यह ध्यान रहें कि भोजन सही मात्रा में गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। नाश्ता व भोजन मेन्यु अनुसार नियमित आना चाहिए। यदि भोजन व नाश्ता मेन्यु अनुसार गुणवत्तापूर्वक नहीं पाया जाता है तो संबंधित समूह को हटा दिया जाएगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर नाश्ता व भोजन समय पर आये, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने पर्यवेक्षक को निर्देशित किया कि सही भोजन व नाश्ता न मिलने पर रिपार्ट करें।

## उर्वरक वितरण के लिए ई-विकास प्रणाली का शुभारंभ

# किसान मोबाइल से प्राप्त कर सकेंगे ई-टोकन पोर्टल पर अपना आधार नंबर दर्ज करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गुरूवार से जिले में उर्वरक आपूर्ति को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ई-विकास प्रणाली (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) व्यवस्था लागू कर दी गई है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस नई व्यवस्था के माध्यम से अब किसान भाई बिना किसी परेशानी के अपने मोबाइल से ही उर्वरक के लिए ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होने बताया कि किसान ई-टोकन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पोर्टल पर लॉगिन करने के लिए किसानों को अपना आधार नंबर दर्ज करना होगा, जिसके बाद उनके मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से वेरिफिकेशन होगा। लॉगिन करने के बाद पोर्टल ह्यएग्री स्टैकह्न (फार्मर आई.डी.) के जरिए किसान की कृषि भूमि का विवरण स्वतः अपडेट कर लेगा। किसान द्वारा मौसम और फसल का चयन करने के बाद, पोर्टल उनकी भूमि के अनुसार आवश्यक उर्वरक की मात्रा की गणना कर उसे प्रदर्शित करेगा। पोर्टल पर मार्कफेड, एम.पी. एग्रो, विपणन समिति और निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास उपलब्ध स्टॉक की जानकारी भी वास्तविक समय में दिखाई देगी। किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी विक्रेता का चयन कर ई-टोकन जारी कर सकते हैं और वहां से खाद खरीद सकते हैं। योजना के लागू होने के पहले ही दिन गुरूवार को जिले के 45 किसानों ने ई-टोकन जारी किए। इनमें से 16 किसानों ने गुरूवार को ई-विकास प्रणाली व्यवस्था अंतर्गत ई-टोकन जारी कर डी.ए.पी., एम.ओ.पी., एस.एस.पी. और एन.पी.के. जैसे उर्वरक क्रय किये।

# मादा तेंदुआ व नर शावक से बचे पत्रकार मंगलम पंवार

## वन क्षेत्रों में पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण, पग-मार्ग से हुई पुष्टि



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

ग्रामीण एवं वन-क्षेत्रों में पत्रकारिता कितनी चुनौतीपूर्ण होती है,एक ऐसे ही घटनाक्रम ने रोमांचित कर दिया है। जिसके अनुसार मादा तेंदुआ एवं उसके नर शावक से संयोगवश वरिष्ठ पत्रकार एवं वन्य-प्राणी प्रेमी मंगलम पंवार का सामना नहीं हुआ और कोई अनहोनी घटना नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार पंवार राजपुरा के सुरक्षित वन में वन्य-प्राणियों पर रिपोर्टिंग के लिए पहुंचे थे। वे वन्य-प्राणियों के जन-जीवन और पेयजल-समस्या को कैमरे में कैद करना चाहते थे। इसलिए वे कक्ष क्र.12 एवं 13 में जिस रास्ते से गए और वापस आये थे,उसी पर मादा तेंदुआ एवं उसके नर शावक के पग-मार्ग मिले हैं। उन्होंने जब वनक्षेत्र में प्रवेश किया तब उनकी आवाजाही के कोई चिन्ह नहीं थे, लेकिन लौटते समय पग-मार्ग कैमरे में कैद हो गए। गौरतलब है कि वन क्षेत्रों में कई प्रजातियों के वन्य-प्राणी भी रहते हैं। इनमें राष्ट्रीय पक्षी मोर, नीलगाय, हिरण, खरगोश, जंगली सूअर, जंगली कुत्ते, लोमड़ी आदि मुख्य हैं। इस घटना को लेकर पंवार ने कहा कि यह ईश्वरीय-चमत्कार है कि वे घने सुनसान वन से सुरक्षित लौट आये हैं। विदित है कि पंवार हरिभूमि प्रतिनिधि भी हैं।

### इनका कहना है

वनक्षेत्र में चिन्हित किए गए पग-मार्ग मादा तेंदुआ और उसके नर शावक के हैं। मादा तेंदुआ अपने शावकों को जन्म देने के बाद करीब 18 माह या उनके आत्मनिर्भर होने तक अपने साथ रखती है। वह उन्हें शिकार करना और खतरों से सावधान रहना सिखाती है।

**अक्षय नेत्रे** सहायक वन संरक्षक, नागपुर

वन परिक्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के वन्य-प्राणी रहते हैं, इनमें मादा तेंदुआ एवं उसका नर शावक भी हैं। अतः कक्ष क्र.12 में मिले पग-मार्ग उनके हो सकते हैं।

संजय चौहान
वन परिक्षेत्राधिकारी चिरिया (झिरन्या)

## कुबेरेश्वर धाम के पास पिकअप ने ऑटो को मारी टक्कर, सात श्रद्धालु घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-इंदौर मार्ग पर कुबेरेश्वर धाम के पास बुधवार सुबह पिकअप की टक्कर से ऑटो में सवार 7 सवारियां घायल हो गई है। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस सड़क हादसे में जो लोग घायल हुए हैं उनमें नरोत्तम सिंह उम्र 35 साल निवासी अलीगढ़, अनीता देवी उम्र 35 साल, रुक्मणि देवी उम्र 35 साल डोरीनगर, प्रिया सिंह उम्र 35 साल निवासी दिल्ली, रूपा मुन्ना लाल उम्र 60 साल निवासी मोहन पूरा, कृष्णा जगपाल उम्र 30 साल निवासी अलीगढ़, शशि राधेश्याम उम्र 33 साल अलीगढ़ है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स संपन्न

# चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा गुरूवार को ब्लॉक स्तरीय खेलो मप्र यूथ गेम्स का आयोजन नेहरू स्टेडियम हरदा में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला ब्लड बैंक चिकित्सालय हरदा की अधिकारी दिव्या यादव एवं स्वास्थ विभाग से रानी राठौर व खो खो संघ के सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, एथेलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, पिट्टू व योगासन खेलो का आयोजन कर संबंधित खेल संघ के पदाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सुश्री खान ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खो खो बालिका वर्ग में प्रथम स्थान दा फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा, दूसरा स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा व तीसरा स्थान जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा, दूसरा स्थान जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा, तीसरा स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा ने प्राप्त किया।

उन्होंने बताया, बॉलीबॉल बालक वर्ग में प्रथम स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल व दूसरा स्थान जोनर एजुकेशन स्कूल हरदा, पिट्टू बालक वर्ग प्रथम स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा व दूसरा स्थान जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा, पिट्टू बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खो खो कल्याण संघ हरदा व दूसरा स्थान हैप्पी क्लब हरदा, रस्साकसी बालिका वर्ग प्रथम स्थान खो खो कल्याण संघ हरदा व दूसरा स्थान संस्कार विद्यापीठ स्कूल हरदा, बालक वर्ग प्रथम स्थान सन-फ्लावर स्कूल हरदा व दूसरा स्थान उत्कृट विद्यालय हरदा ने प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग प्रथम स्थान सोनखेड़ी व दूसरा स्थान शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल मसनगांव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंस तिवारी, 200 मीटर में प्रथम स्थान रितेश कलम नयापुरा, 400 मीटर में प्रथम स्थान बसंत माणिक, 800 मीटर प्रथम स्थान आयुष कचौला, गोला फेंक में प्रथम स्थान समर्थ सोलंकी, भाला फेंक में प्रथम स्थान रितेश कलम, ऊंची कूद में प्रथम स्थान राकेश कलम तथा लंबी कूद में प्रथम स्थान बसंत माणिक ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता भूपेंद्र सिंह तोमर, मोनिका मेहता, मालती कर्मा, वैशाली मंडलेकार, सीताराम जाट, दर्शन खोरे, दीक्षा श्रीवास, तनिष्क मालवीय ने संपन्न कराई।